# अम्बेडकर पर बयानबाजी के विरोध में कांग्रेसजनों ने अमित शाह का पुतला फूंका

■ शहर देहात जिला कांग्रेस ने केंद्रीय मंत्री अमित शाह का पुतला दहन कर ज्ञापन सौंपा



बीकानेर शहर अध्यक्ष यशपाल गहलोत व देहात अध्यक्ष बिशनाराम सियाग के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने विरोध-प्रदर्शन कर केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह का पुतला दहन किया।

**बीकानेर,**(कासं)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार भारतीय जनता पार्टी के केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर का अपमान करना और उनकी गलत नीतियों के खिलाफ आवाज उठाने वाले राहुल गांधी के खिलाफ बेबुनियाद अनर्गल आरोप लगाकर जो सत्ता का दुरूपयोग किया जा रहा है। उसके खिलाफ बीकानेर शहर देहात जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा विरोध प्रदर्शन और पुतला दहन कलेक्ट्रेट के आगे किया।

संगठन महासचिव नितिन वत्सस ने बताया कि जिला अध्यक्ष शहर देहात यशपाल गहलोत बिशनाराम सियाग के नेतृत्व में गंगा थियेटर के आगे से कांग्रेसजन पैदल जिला कलेक्टर कार्यालय के आगे नारेबाजी करते हुए पहुंचे। बाबा साहब अम्बेडकर के चित्रों को हाथों में थामे कांग्रेसजन अमित शाह इस्तीफा दो- इस्तीफा दो, लोकतंत्र में तानाशाही नहीं चलेगी नहीं चलेगी, बाबा साहब का ये अपमान नहीं सहेगा हिन्दुस्तान राहुल गांधी जिंदाबाद, मोदी तेरी जेल कचहरी देखी और देखेंगे जैसे नारों के साथ प्रदर्शन करते हुए अमित शाह का पुतला फूंका।

संगठन महासचिव प्रहलाद सिंह मार्शल ने बताया कि इस अवसर पर संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष यशपाल गहलोत ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और उनके नेता जिसने मुख्य रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केंद्रीय मंत्री अमित शाह संविधान संशोधन करते करते संविधान निर्माता के चरित्र को ही नकारने लगे और भारतीय जनता पार्टी के इन नापाक मंसूबों पर बेबाक विरोध करने वाले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के खिलाफ अनर्गल बेबुनियाद आरोप लगा रही है। क्योंकि भाजपा को पता है उनकी पोल खोलने की क्षमता अगर आज हिन्दुस्तान में किसी व्यक्ति में है वो है राहुल गांधी। लेकिन भाजपा भूल जाती है कि हिन्दुस्तान की रगों में बहने वाली कांग्रेस के कार्यकर्ता राहुल गांधी के खिलाफ किसी भी अप्रिय स्थिति को सहन नहीं करेंगे और जरूरत पड़ी तो सरकार से दो दो हाथ करने में भी पीछे नहीं हटेंगे। जिला अध्यक्ष बिशनाराम सियाग ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केन्द्रीय मंत्री अमित शाह और उनके पाले गुंडे जितना मर्जी आए उतना उत्पात मचा लें। भारतीय संविधान की रक्षा और बाबा साहब के सम्मान की रक्षा में कांग्रेस अपने कदम पीछे नहीं खीचेगी। बिशनाराम ने कहा कि जो संविधान को नकारने वाले लोग है (भाजपा) वे बाबा साहब को क्या मानेंगे लेकिन भाजपा गलती कर रही है।

कांग्रेस कार्यालयों पर हमला और राहुल गांधी खिलाफ दुष्प्रचार का मुंह तोड़ जवाब दिया जायेगा। आज का प्रदर्शन चेतावनी मात्र है, आगे जेल जाना पड़ा तो भी हम पीछे नहीं हटेंगे। प्रवक्ता पूनमचंद भांभू ने बताया कि विरोध प्रदर्शन को वरिष्ठ कांग्रेसी नेता पूर्व मंत्री लक्ष्मण कड़वासरा, प्रदेश महासचिव जिया उर रहमान आरिफ, सचिव शिवलाल गोदारा, सचिव साजिद सुलेमानी, वरिष्ठ कांग्रेसी खूमराज पंवार, डूंगरगढ़ प्रधान केसराराम गोदारा, सेवादल प्रदेश संगठक कमल कल्ला पन्नालाल मेघवाल, हरिप्रकाश वाल्मीकि पप्पू गुर्जर, अंबाराम इणखिया, ब्लॉक अध्यक्ष सुमित कोचर, अजय गोदारा, लुंबाराम, आनंद सिंह सोढा, जाकिर नागौरी, शहजाद भुट्टा, श्रीकिशन गोदारा, रिछपाल सिंगड, पृथ्वीराज कूकना, शिवराज गोदारा, पार्षद जावेद पडिहार, पार्षद शिवशंकर बिस्सा, पार्षद मुजाहिद हुसैन कुरैशी, जिला महासचिव नितिन चड्ढा, आनंद जोशी, राजेश गोदारा, फिरोज अहमद भाटी, मनोज किराडू, राहुल जादूसंगत, जयकिशन गहलोत, ओमप्रकाश लोहिया, प्रेमरतन उर्फ पट्टू जोशी, लेखराम धतरवाल, शिवराज गोदारा, दीपक शर्मा, सचिव बिरजाराम भील, पूनम नायक, मनोज चौधरी, रामनाथ आचार्य, जयदीप सिंह जावा, रईस अली,सफी खां देवकिशन आचार्य, रफीक पंवार, भवानी सिंह राजपुरोहित मगन पानेचा, हाजिर खान, आशा देवी स्वामी, मुमताज शेख, निर्मला बलवेश कावरिया, वंदना गुप्ता ताहिर हसन, सुखराम चौधरी आदि ने संबोधित करते हुए केंद्र सरकार की कड़ी आलोचना की। प्रवक्ता अनिल सारडा ने बताया कि इस अवसर पर नवनीत आचार्य, जितेंद्र बिस्सा, अजय कंडारा, योगेन्द्र आचार्य, मैक्स नायक विकास रावत, रियाजुदीन पंवार, मानक वाल्मीकि, जी.एस. भाटिया, आशु सहारण, विकास चौधरी, लालचंद लूना, रिछपाल सिंगड, अशोक मेघवाल, मुकेश जोशी, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## वाजपेयी के जन्मदिन पर होंगे कई कार्यक्रम

**बीकानेर,** (कासं)। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर वर्ष पर्यन्त विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने सभी विभागों को पूर्ण गंभीरता से कार्यवाही के निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर ने बताया कि स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर वर्ष पर्यन्त आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की शुरूआत 25 दिसम्बर को होगी। इस दौरान जिला, नगरीय निकाय, पंचायत समिति और ग्राम पंचायत मुख्यालय पर स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के छाया चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन किया जायेगा।

जनप्रतिनिधियों, कार्मिकों और आमजन द्वारा सुशासन की शपथ ली जायेगी। नगरीय स्तर पर नगर निगम आयुक्त तथा ग्रामीण क्षेत्रों में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी संपूर्ण कार्यक्रमों के नोडल अधिकारी होंगे। इसी श्रृंखला में 25 दिसम्बर को अटल विचार संगोष्ठी और अटल जी की कविताओं का पठन किया जायेगा। वहीं 25 से 31 दिसम्बर तक स्वच्छता सप्ताह का आयोजन होगा।

इस दौरान नगरीय निकायों में साफ-सफाई और स्वच्छता को प्रोत्साहित करने से जुड़ी गतिविधियां होंगी। स्वच्छता प्रतियोगिता में चयनित सर्वश्रेष्ठ पंचायत और नगरीय निकाय को आगामी दिनों में पुरस्कृत किया जायेगा। जन अभाव अभियोग परिवादों के अधिकतम निस्तारण की करवाई इस दौरान की जायेगी। अटल जन सेवा शिविर आयोजित होंगे। जिनमें आमजन की समस्याएं सुनी जायेगी।

## सार-समाचार

### कृषि व उद्यान तकनीकी पर चर्चा



राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय के कृषि अनुसंधान केन्द्र में तकनीकी कार्यशाला का आयोजन किया।

**बीकानेर,** (कासं)। स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय के कृषि अनुसंधान केन्द्र में शुक्रवार को मासिक तकनीकी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला अतिरिक्त निदेशक (कृषि विस्तार) डॉ सुरेन्द्र सिंह शेखावत व क्षेत्रीय अनुसंधान निदेशक डॉ एच. एल. देशवाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। मासिक तकनीकी कार्यशाला में जनवरी माह में कृषकों द्वारा की जाने वाली कृषि व उद्यानिकी तकनीकी पर चर्चा की गई। अतिरिक्त निदेशक (कृषि) डॉ. शेखावत ने बताया कि उद्यान विभाग द्वारा सूक्ष्म सिंचाई संयंत्र योजना का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है। बूंद-बूंद सिंचाई योजना में शत-प्रतिशत प्रगति के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिलें में उद्यानिकी की व्यापक संभावना विद्यमान है। विभागीय अधिकारी संरक्षित खेती पॉली हाउस-शेडनेट हाउस में सब्जियों की खेती को बढ़ावा देने के साथ-साथ बूंद-बूंद सिंचाई से सब्जियों के क्षेत्रफल विस्तार पर भी पूर्ण ध्यान देवें। कृषि वैज्ञानिक अमर सिंह गोदारा ने रबी फसलों की विभिन्न उन्नत किस्में व शष्य क्रियाओं पर विस्तृत व्याख्यान दिया। कार्यशाला में कृषि वैज्ञानिक बीडीएस नाथावत, डॉ सी. पी. मीना ने रबी कीट व्याधि नियंत्रण व सब्जियों की उन्नत खेती पर व्याख्यान दिये। इस दौरान संयुक्त निदेशक (कृषि) कैलाश चौधरी, डॉ दयाशंकर, रेणु वर्मा, भैराराम गोदारा, सुभाष विश्नोई, राजूराम डोगीवाल, यशवंती, कृषि अधिकारी मुकेश गहलोत, ओम तर्ड, महेन्द्र प्रताप, ममता, मीनाक्षी, कविता, जोधराज, अब्दुल अमीन इत्यादि ने भाग लिया।

### बीकानेर ने क्रिकेट ट्रॉफी जीती




मारवाड प्रीमियर लीग क्रिकेट ट्रॉफी के साथ बीकानेर टीम के खिलाड़ी।

**बीकानेर,** (कासं)। राजस्थान पाली जिले में आयोजित मारवाड प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता 2024 बीकानेर की टीम विजेता रही। जिला क्रिकेट संघ के प्रवक्ता शंकर सेवग ने बताया कि बीकानेर टीम के कप्तान कन्हैया स्वामी ने सेमी फाइनल मैच में मैच की अन्तिम गेंद पर पांच रन चाहिये थे। छक्का मारकर फाइनल में पहुंचाया। फाइनल मैच में पाली को 43 रन से हराकर कर चमचमती ट्रॉफी व नगद राशि 7100 रूपया का पुरस्कार जीत कर बीकानेर टीम को मारवाड प्रीमियर लीग क्रिकेट ट्रॉफी पर कब्जा किया। गुरूवार को टीम बीकानेर आने पर जिला क्रिकेट संघ के सचिव रतन सिंह, उपाध्यक्ष कैलाश चौधरी, संयुक्त सचिव अनिल सिडाना, प्रवेश भारद्वाज व आई पी एल खिलाड़ी गजेन्द्र सिंह ने स्वागत किया व प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज बीकानेर के जयंत गेदर व मैन ऑफ दी सीरिज जुबेर अली व फाइनल मैच के मॅन आफ दी मैच शुभम सिंह रहे। इन सभी का सादुल क्लब मैदान में अभिनंदन किया। सभी खिलाडी व पदाधिकारी ने यह ट्राफी अशोक ओहरी के फोटो के आगे उनको समर्पित कर उनको श्रद्धांजलि दी।

### बकाया के लिए 4 ट्रांसफार्मर उतारे

**नोखा,** (कासं)। बिजली बिल के बकायादारों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिसके चलते 14 लाख रूपए की बकाया राशि पर 4 ट्रांसफार्मर उतारे और 8 कनेक्शन काटे। साथ ही 2 लाख रूपए के बिल मौके पर भरे गए है। जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड ने बकाया राजस्व वसूली अभियान तेज कर दिया है। सहायक अभियंता पवस महेश नागर के निर्देशन में पांचू क्षेत्र के नाथूसर, कुदसू व धरनोक गांवों में कनिष्ठ अभियंता दयाराम मीणा व सपना मीणा के नेतृत्व में बकाया वसूली की गई। बकाया वसूली टीम ने लगभग 10 लाख रूपए के बकाया पर 4 ट्रांसफार्मर उतारे और लगभग 2 लाख रूपए के बिल मौके पर जमा किए। नोखा शहर के रोड़ा गांव में कनिष्ठ अभियंता शहर संदीप चौधरी के नेतृत्व में ओमप्रकाश रांकावत, रमेश सिंह व चुन्नीलाल की टीम ने लगभग 4.20 लाख की बकाया पर 8 कनेक्शन काटे। सहायक अभियंता ई. महेश नागर ने सभी उपभोक्ताओं से बकाया बिजली बिल जमा करवाने की अपील की।

### सिंचाई पानी की मांग, ज्ञापन सौंपा

**गजसिंहपुर,** (कासं)। भारतीय किसान संघ के नेतृत्व में आज विभिन्न किसान संगठनों की बैठक गुरूद्वारा सिंह सभा में हुई। इसमें किसानों को पूरा सिंचाई पानी नहीं मिलने पर रोष व्यक्त किया गया। इसके बाद कामरेड गुरचरण सिंह मौड़ व हंसराज गोदारा के नेतृत्व में किसान नारेबाजी व प्रदर्शन करते हुए तहसील कार्यालय पहुंचे और तहसीलदार सपना सोनी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर सिंचाई पानी पूरा करने की मांग की। ज्ञापन में गंगनहर में शेयर अनुसार पूरा पानी देने तथा फिरोजपुर फीडर का निर्माण 31 मार्च से पहले शुरू करने की मांग की।

# कड़ाके की सर्दी शुरू, स्कूलों का समय भी बदला

■ बीकानेर में शुक्रवार सुबह हल्का कोहरा भी नजर आया

■ मुख्य मार्गों पर दूर तक कोहरा होने से वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा

**बीकानेर,** (कासं)। अब सामान्य से चार डिग्री सेल्सियस कम पारा रहने लगा है। बीते 24 घंटे में न्यूनतम पारा पांच डिग्री सेल्सियस से भी नीचे रह गया है। नतीजतन तेज सर्दी ने जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। उधर जिला कलेक्टर ने सभी स्कूलों का समय सुबह नौ बजे रखने के आदेश दिए हैं।

बीकानेर में शुक्रवार सुबह हल्का कोहरा भी नजर आया। मुख्य मार्गों पर दूर तक कोहरा होने से वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में कोहरे से किसानों ने राहत भरी सांस ली है। दरअसल अब तक कोहरा ज्यादा नहीं होने से किसान की फसल को नुकसान की आशंका थी, लेकिन अब ऐसा नहीं है।

शुक्रवार सुबह ग्रामीण क्षेत्रों में कोहरे के कारण विजिबिलिटी कम हो गई। बीकानेर में सामान्य से कम तापमान हो गया है। दिन में जहां अधिकतम तापमान 21.4 डिग्री सेल्सियस रहा। सामान्य से 4.4 डिग्री सेल्सियस कम रहा। वहीं बीती रात न्यूनतम तापमान 4.8 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 3.8 डिग्री सेल्सियस कम है। यानी सुबह व शाम दोनों ही वक्त तापमान में गिरावट के चलते आम दिनों से ज्यादा सर्दी पड़ रही है। उधर मौसम विभाग ने राज्य के अधिकांश हिस्सों में शुक्रवार को मौसम शुष्क रहने की आशंका जताई है। जिसके चलते बीकानेर में अधिकतम तापमान में सामान्य बढ़ोतरी हो सकती है। हवा की स्पीड ज्यादा नहीं होने के कारण राहत है। हालांकि पश्चिमी राजस्थान के अन्य जिलों में हवा की स्पीड तेज होने से भी सर्दी का अहसास ज्यादा है।

बीकानेर के चूरू से सटे क्षेत्रों में कोहरे का असर ज्यादा देखने को मिल रहा है। श्रीडूंगरगढ़, मोमासर, आडसर के अलावा देराजसर इत्यादि क्षेत्रों में कोहरा होने से सुबह-सुबह सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहता है। जिले में शीतलहर के चलते जिले के समस्त निजी विद्यालयों में अध्यनरत कक्षा 8 तक के विद्यार्थियों का समय अग्रिम आदेशों तक प्रातः 9 से दोपहर 3 बजे तक किया गया है।

## फायरिंग का आरोपी गिरफ्तार

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। करीब पौने तीन साल पहले शहर के पदमपुर रोड स्थित खालसा नगर में युवक को जीप खरीदने के बहाने बुलाने और फिर उस पर फायर कर जानलेवा हमले के एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

आरोपी पौने तीन साल से फरार था। उस पर पांच हजार रूपए का इनाम भी था। पुलिस को गुरूवार को मुखबिर के जरिए सूचना मिलने पर उन्होंने उसे गिरफ्तार कर लिया। पुरानी आबादी में रहने वाले समीर बिश्नोई पुत्र शुभकरण ने इस संबंध में वर्ष 2022 के मार्च में मामला दर्ज करवाया था। अस्पताल में भर्ती होने के दौरान उसने पर्चा बयान दिया था कि जीप खरीदने के लिए कुछ लोगों ने उसे खालसा नगर में बुलाया था। जब वहां पहुंचा तो कुछ लोगों ने उस पर फायर कर दिया। घटना का एक आरोपी सुखवंत सिनेमा के पास रहने वाला मुकेश कुमार पुत्र ताराचंद घटना के बाद से फरार था। उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

# घरों में सेंधमारी कर लाखों के जेवर-नकदी चोरी

■ सर्दी बढ़ी तो चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले भी सक्रिय हो गए

**बीकानेर,** (कासं)। सर्दी बढ़ी तो चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले भी सक्रिय हो गए और घरों में सेंधमारी कर लगातार वारदातों को अंजाम दे रहे हैं।

सर्द रातों में लोग घरों में दुबके रहते हैं। पड़ौस में कौन, क्या कर रहा है, इसकी खबर नहीं रहती। विशेषकर शहर की बाहरी कॉलोनियों में तो ऐसे ही हालत रहते हैं। ऐसे में चोरों के मजे हैं। चोर सक्रिय हो गए हैं और घरों में सेंधमारी कर लगातार वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। बंद मकान उनके निशाने पर हैं। चोरों ने पवनपुरी के सुदर्शना नगर में कई घरों के ताले तोड़े और लाखों रूपए के नकदी-जेवरात चुरा ले गए हैं।

मकान नंबर बी-3-243 के मालिक राजेश भटनागर परिवार सहित ज्यादातर नोयडा में रहते हैं और पड़ौस में रहने वाले उनके रिश्तेदार मकान संभालते हैं। दीपावली पर वे मकान बंद कर गए थे। चोरों ने बंद मकान के ताले तोड़े और अंदर घुस गए। घर के तीन कमरों में अलमारी, बॉक्स, बिस्तर सहित सारा सामान खंगाल डाला। वहां रखे 20-25 हजार रूपए नकद, चांदी के 25-30 सिक्के, टाइटन खड़ी का सैट, कुछ पुरानी घड़ियां और गिफ्ट आयटम चुरा ले गए। सामने रहने वाले पड़ौसियों ने घर के अंदर जाने का दरवाजा खुला देखा तो रिश्तेदारों को सूचना दी। वे मौके पर पहुंचे तो चोरी का पता चला। इत्तला मिलने पर व्यास कॉलोनी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पूछताछ में पता चला कि चोरों ने प्रतिभा भारद्वाज के मकान नंबर बी-3-223 में भी सेंधमारी की।

## दोपहर बाद चली ठंडी हवा से ठिठुरन बढ़ी

■ ग्रामीण इलाकों में इन दिनों तेज सर्दी के चलते खुले में बर्फ जमने लगी है

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। नॉर्थ वेस्टर्न राजस्थान में बने साइक्लोनिक सर्कुलेशन के असर से शहर में दोपहर बाद ठंडी हवा चली और ठिठुरन के हालात हो गए।

इससे पहले सुबह दस बजे के आसपास हल्की धूप नजर आई लेकिन इसके बाद दिन के अधिकांश समय बादल छाए रहे। अगले चौबीस घंटे में ठंडी हवा के चलते तापमान में गिरावट आने और सर्दी और बढ़ने की संभावना है। जिले में इन दिनों तापमान 6 डिग्री सेल्सियस से नीचे बना हुआ है। ऐसे में तेज सर्दी का असर बना हुआ है।

जिले में इन दिनों बिना कोहरे के तेज सर्दी पड़ रही है। आम तौर पर दिसम्बर आधा बीतते-बीतते श्रीगंगानगर में कोहरा छा जाता है लेकिन श्रीगंगानगर में इस बार ऐसा नहीं है। इस बार बादल और ठंडी हवा सर्दी बढ़ा रहे हैं। इसका असर अगले दो दिन बने रहने की संभावना है। एक्सपर्ट बताते हैं कि जिले में सर्दी अब जोर पकड़ेगी। करीब छह दिन के बाद कोहरे या हल्की बरसात के हालात भी हो सकते हैं। ग्रामीण इलाकों में इन दिनों तेज सर्दी के चलते खुले में बर्फ जमने लगी है। अनूपगढ़ के जैतसर इलाके में शुक्रवार सुबह एक खेत में खुले में पड़े सूखे चारे पर बर्फ नजर आई।

## खेलकूद सप्ताह का आगाज

**बीकानेर,** (कासं)। श्री जैन कन्या पी.जी. महाविद्यालय में सांस्कृतिक और खेलकूद सप्ताह मिंगल-2024 का शुभारंभ हुआ।

प्राचार्य डॉ संध्या सक्सेना ने मिंगल-2024 के उद्घाटन में छात्राओं की सभी गतिविधियों में सहभागिता से अपने व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करने का संदेश दिया। सप्ताह मिंगल-2024 के प्रभारी डॉ. राजेन्द्र जोशी ने सप्ताह के दौरान होने वाली विविध गतिविधियों का परिचय देते हुए छात्राओं के खेल भावना से खेलते हुए सामुदायिक सद्भाव ग्रहण करने की कही। खेल प्रशिक्षक अरूण सक्सेना के अनुसार सप्ताह के द्वितीय दिवस पर भाला फेंक प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर करीना, वर्षा छींपा द्वितीय एवं राधिका उपाध्याय तृतीय स्थान पर रही।

# लक्की पहलवान मर्डर मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

■ नौ दिन पहले लक्की पहलवान पर हमला करने से इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। शहर के गगन पथ पर यूनियन बैंक के सामने 9 दिन पहले लक्की पहलवान पर हमले और इलाज के दौरान उसकी मौत हो जाने के मामले में पुलिस ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार आरोपी पुरानी आबादी के प्रभु चौक निवासी रामनिवास उर्फ रामू पुत्र ओमप्रकाश, अशोक नगर बी के यश गुप्ता पुत्र लक्ष्मीकांत और छजगरिया मोहल्ला के अनुराग उर्फ अनु पुत्र विनोद कुमार से पूछताछ में सामने आया है कि लक्की पहलवान की रूपए के लेनदेन को लेकर राहुल शर्मा से रंजिश थी। उसी ने यह हमला करवाया था। हालांकि मुख्य आरोपी की तलाश के लिए अभी प्रयास किए जा रहे हैं। पकड़े गए तीनों आरोपी लक्की पहलवान की रैकी करने, लोहे की पाइपों से वारदात के लिए हथियार तैयार करवाने आदि एक्टिविटी में शामिल थे। ये लोग वारदात के दौरान भी मौजूद थे। सीसीटीवी कैमरों से इसकी पुष्टि हुई है।

ब्लॉक एरिया निवासी राहुल शर्मा का लक्की पहलवान से रूपए के लेनदेन को लेकर विवाद था। राहुल ने लक्की से 10 लाख रूपए उधार लिए थे। ये रूपए वह सट्टे में हार गया। इसी रूपए की वसूली के लिए पिछले साल दिसम्बर में लक्की ने राहुल के घर जाकर उसे डराया धमकाया था। सामान तोड़ फोड दिया और घर में आग लगाने की कोशिश की थी। इस संबंध में राहुल ने कोतवाली में मामला दर्ज करवाया था। इसमें लक्की पहलवान को गिरफ्तार किया गया था। तब से लक्की की राहुल से रंजिश थी। लक्की पहलवान पर 11 दिसम्बर को दोपहर ढाई बजे हमला हुआ था। उस पर लोहे की रॉड, तलवार आदि से हमला किया गया। इलाज के दौरान 14 दिसम्बर को उसकी मौत हो गई थी।

# जेल में बंदियों द्वारा बनाये गए सारे उत्पाद प्रदर्शनी में दो घंटे में ही बिके

■ प्रदर्शनी में लोहे का पीढ़ा, हैंडमेड पेंटिंग, मसाले, लोहे के चूल्हे, इको फ्रेंडली पेन दरियां, फिनायल और सींख झाड़ू सभी बिके



केन्द्रीय कारागृह के बंदियों द्वारा बनाए उत्पादों की प्रदर्शनी 'आशाएं' का उद्घाटन जिला एवं सैशन न्यायाधीश अतुल कुमार सक्सेना ने किया। इस दौरान कलेक्टर नमृता वृष्णि भी मौजूद रही।

**बीकानेर,**(कासं)। केन्द्रीय कारागृह के बंदियों द्वारा बनाये गए उत्पादों की प्रदर्शनी 'आशायें' का उद्घाटन शुक्रवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश अतुल कुमार सक्सेना, जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि तथा पुलिस अधीक्षक कावेंद्र सागर ने किया।

प्रदर्शनी में लोहे का पीढ़ा, हैंडमेड पेंटिंग, मसाले, इको फ्रेंडली पेन, कपड़े, कुर्ते, लोहे के चूल्हे, दरियां, फिनायल और सींख झाड़ू आदि प्रदर्शन एवं विक्रय के लिए रखा गया। इस अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सक्सेना ने कहा कि केन्द्रीय कारागृह प्रशासन द्वारा बंदियों के हुनर को पहचानते हुए उन्हें स्वावलम्बी बनाने का प्रयास किया गया है।

यह उनके पुनर्वास के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण साबित होगा। उन्होंने कहा कि कारागृह प्रशासन द्वारा किया जा रहे नवाचार समाज के लिए नजीर है। जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने कहा कि बंदियों के समय का सदुपयोग हो तथा वे समाज की मुख्य धारा से जुड़ सकें। इसके मद्देनजर यह पहल की गई है। कारागृह अधीक्षक सुमन मालीवाल ने कहा कि सभी बंदियों को इसके लिए विशेष प्रशिक्षण दिया गया। इसकी आमदनी का 25 प्रतिशत हिस्सा उनके पीड़ित पक्ष को मिलेगा।

इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव मांडवी राजवी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट राजेश कुमार सहित पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। पुलिस विभाग के कैलाश सांदू, कुलदीप और धीरेन्द्र सहित अन्य अधिकारियों ने बंदियों द्वारा बनाये गए उत्पाद क्रय किए। लगभग दो घंटे में प्रदर्शनी का समूचा सामान विक्रय हो गया।

# मैट्रिक्स ओलंपियाड के टॉप रहे विद्यार्थियों का सम्मान समारोह



मैट्रिक्स ओलंपियाड के प्रतिभा सम्मान समारोह में टॉप रहे छात्रों को सम्मानित किया।

**बीकानेर,** (कासं)। महाराजा गंगासिंह यूनिवर्सिटी के ऑडिटोरियम में आज मैट्रिक्स एकेडमी, सीकर की ओर से मैट्रिक्स ओलंपियाड के टॉप रहे विद्यार्थियों के सम्मान समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें 450 छात्र-छात्राओं को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए नगद पुरस्कार, अवार्ड किट, स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित संस्था निदेशक कपिल ढाका ने पुरस्कार प्राप्त करने वाले छात्रों और उनके अभिभावकों को प्रेरित करते हुए कहा कि जीवन में एक स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने छात्रों से अपील की है कि वे अपने जीवन को उच्च गुणवत्ता और सुव्यवस्थित तरीके से सुधारें और अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कठिन मेहनत करें। कार्यक्रम में मैट्रिक्स एकेडमी के मोटिवेशनल स्पीकर और कोर मेंबर, विष्णु पारीक सर ने छात्रों से जीवन में लक्ष्य को लेकर एक सशक्त दृष्टिकोण अपनाने की बात की।

उन्होंने यह बताया कि विद्यार्थी जीवन में लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सही दिशा, कठिनाईयों का सामना और समर्पण अत्यंत जरूरी है। समारोह का मंच संचालन पुष्पेंद्र डूडी ने किया। जबकि कार्यक्रम की सफलता में व्यवस्थापक सुशील शर्मा, अमित जी, अरविंद , राजेश , मनोज जी, प्रदीप , रामावतार , जितेंद्र, सुभाष जी, प्रकाश जी, जितेंद्र जी, विकास , मुनेश , कैलाश और प्रभु ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।